दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-12, अंक-58 मंगलवार 28 फरवरी, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO.HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन



**बल्लभगढ़, 27 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** सोमवार को अग्रवाल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपेश्वर दास, कृष्ण भक्त एवं पूर्व वैज्ञानिक डी.आर. डी. ओ. रहे।

एच.जी. परमात्म प्रभु जी, कृष्ण भक्त एवं पूर्व अभियंता हुंडई और राकेश सिंघल, कृष्ण भक्त ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शिरकत की. भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष तथा कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र जैन ने स्वागत भाषण दिया और विज्ञान दिवस के इस पावन अवसर पर दूसरे महाविद्यालयों की टीमों का दर्शकों से परिचय कराया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत ने भौतिकवादी ज्ञान के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने छात्रों को रमन प्रभाव और इसके अनुप्रयोगों और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के महत्व के बारे में भी बताया साथ ही साथ छात्रों को कड़ी मेहनत करने और अनुसंधान में गहरी रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में विकसित हो रही नई तकनीकों के बारे में जागरूक किया। मुख्य अतिथि श्री गोपेश्वर दास जी ने छात्रों को भेद विज्ञान अर्थात शरीर और आत्मा की प्रथकता के बारे में बताया और कहा ही मनुष्य के समग्र विकास के लिये मूल्य आधारित शिक्षा आवश्यक है। उद्घाटन के तत्पश्चात आज विज्ञान आधारित स्लोगन राइटिंग, प्रश्नोत्तरी, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की गई थी। पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की काजल ठाकुर ने प्रथम, डी. ए. वी. सेंटनरी कॉलेज फरीदाबाद की भावना ने द्वितीय तथा के. एल. मेहता कॉलेज फरीदाबाद कि रोमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।